**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2231**
**20 दिसम्बर, 2022 को उत्तरार्थ**

**सहकारिता प्रणाली**

**2231. श्री हनुमान बेनीवाल:**
**श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी:**

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में पंजीकृत सहकारी समितियों की राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ख) पंजीकृत सहकारी समितियों को दिए गए लाभों और प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने देश में सहकारी समितियों के पंजीकरण बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाए हैं तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) देश में सहकारी समितियों के कल्याण के लिए राज्य-वार कितनी धनराशि स्वीकृत और जारी की गई है, और
(ङ) सरकार द्वारा विगत पांच वर्षों के दौरान देश में सहकारी प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)**

(क) से (ङ): भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ द्वारा प्रकाशित स्टैटिस्टिकल प्रोफाइल-2018 के अनुसार देश में लगभग 8.54 लाख सहकारी समितियां हैं । सहकारी समितियों का राज्य-वार और क्षेत्रक-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** पर संलग्न है । सहकारिता क्षेत्र, अपने सदस्य आधारित दृष्टिकोण के साथ देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । सहकारी समितियां जिनके उद्देश्य किसी एक राज्य में सीमित होते हैं, वे संबंधित राज्य सहकारी समिति अधिनियम द्वारा शासित होते हैं जबकि ऐसी सहकारी समितियां जिनके उद्देश्य किसी एक राज्य में सीमित नहीं होते हैं, वे बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधनियम, 2002 और उसके अधीन बने नियमों के प्रावधानों द्वारा प्रशासित होते हैं । देश में कुल 1528 बहुराज्यीय सहकारी समितियां पंजीकृत हैं । विगत तीन वर्षों में बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 के अधीन पंजीकृत बहुराज्य सहकारी समितियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| क्रम सं. | वर्ष | समितियां की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | 2020 | 10 |
| 2. | 2021 | 14 |
| 3. | 2022<br>(30 नवम्बर, 2022 तक) | 63 |
| | **कुल** | **87** |

देश में सहकारी तंत्र को सशक्त करने और इसकी पहुंच को जमीनी स्तर तक करने के लिए सहकारिता मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित विभिन्न पहलें की गई हैं:

i. आर्थिक कार्य मंत्रिमंडल समिति के दिनांक 29 जून, 2022 के आदेश के माध्यम से 2,516 करोड़ रुपए के कुल वित्तीय परिव्यय से अगले तीन वर्षों में 63,000 कार्यशील प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पैक्स) के कंप्यूटरीकरण की एक परियोजना को अनुमोदित किया गया । इस परियोजना में सभी कार्यशील पैक्स को एक ईआरपी (एंटरप्राइज़ रीसोर्स प्लानिंग) आधारित कॉमन सॉफ्टवेयर में लाना, उन्हें राज्य सहकारी बैंकों और जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों के माध्यम से नाबार्ड के साथ जोड़ना शामिल है ।

ii. पैक्स के लिए आदर्श उपविधियों को सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों और संबंधित मंत्रालयों सहित हितधारकों के साथ गहन परामर्श के पश्चात् पैक्स द्वारा उनके संबंधित राज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम के अनुसार अपनाए जाने के लिए तैयार किया गया । पैक्स की इन आदर्श उपविधियों के कारण वे डेयरी, मात्स्यिकी, पुष्पकृषि, गोदामों के निर्माण, खाद्यान्न की खरीद, उर्वरक, बीज, एलपीजी/पेट्रोल/हरित ऊर्जा वितरण एजेंसी, बैंकिंग अभिकर्ता, कॉमन सेवा केन्द्र, आदि जैसे 25 से भी अधिक व्यावसायिक कार्यकलाप कर सकेंगे ।

iii. दिनांक 1 जून, 2022 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सहकारी समितियों को गवर्मेंट इ-मार्केटिंग प्लैटफॉर्म पर बतौर 'क्रेता' पंजीकृत होने की अनुमति देने का निर्णय दिया । इससे वे देश भर में जेम पोर्टल पर पंजीकृत 40 लाख से भी अधिक विक्रेताओं से माल व सेवाओं की खरीद कर सकेंगे। इससे सहकारी समितियों को किफायती खरीद करने में सहायता मिलेगी और उनकी खरीद प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी ।

iv. सहकारी समितियों और उसके सदस्यों की आय में वृद्धि के लिए 1 करोड़ रुपए से 10 करोड़ रुपए तक की कुल आय वाली सहकारी समितियों पर अधिभार को 12% से घटाकर 7% कर दिया गया है।

v. कॉर्पोरेट के अनुरूप समान अवसर प्रदान करने के लिए सहकारी समितियों पर न्यूनतम वैकल्पिक कर (MAT) दर को 18.5% से घटाकर 15% कर दिया गया है ।

vi. सहकार आधारित आर्थिक विकास मॉडल को गति प्रदान करने के लिए सहकारी संस्थानों को पर्याप्त, किफायती और समय पर ऋण प्रदान करने हेतु गैर-अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों और जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों को दिनांक 3 फरवरी, 2022 के परिपत्र के द्वारा गारंटी निधि ट्रस्ट (CGTMSE) योजना में सदस्य ऋणदाता संस्थान के रूप में अधिसूचित किया गया है ।

vii. सरकार ने दिनांक 25 अक्टूबर, 2021 की अपनी अधिसूचना के माध्यम से सहकारी चीनी मिलों को एक बड़ी राहत देते हुए यह स्पष्ट किया कि उचित और लाभकारी मूल्य (FRP) या राज्य परामर्श मूल्य (SAP), जो भी दशा हो, तक किसानों को गन्ने के उच्चतर मूल्यों का भुगतान करने पर चीनी सहकारी मिलों को अतिरिक्त आयकर नहीं चुकाना होगा ।

viii. राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी), जो सहकारिता मंत्रालय के अधीन एक सांविधिक निकाय है, सहकारी क्षेत्र को वित्तीय सहायता प्रदान करता है और प्राथमिक/ जिला सहकारी विपणन समितियों का शेयर पूंजी आधार का संशक्तिकरण, प्रसंस्करण केन्द्रों, भंडारण सुविधाओं की स्थापना, शीत श्रृंखला की स्थापना व आधुनिकीकरण, सहकारी बैंकिंग इकाइयों की स्थापना, कृषि सेवाओं, एकीकृत सहकारी विकास परियोजनाओं, सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण में सहायता, सहकारी उद्यम सहयोग और नवाचार के लिए 'युवा सहकार', स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र को कवर करने वाली 'आयुष्मान सहकार', महिला सहकारी समिति की सहायता के लिए 'नंदिनी सहकार', आदि जैसे विभिन्न कार्य करता है ।

देश में सहकारी समितियों के कल्याण के लिए दिनांक 01.04.2017 से 14.12.2022 तक की अवधि के दौरान राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) द्वारा स्वीकृत और जारी निधियों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** पर संलग्न है ।

*****

**अनुबंध -1**

**एनसीयूआई द्वारा प्रकाशित सांख्यिकीय प्रोफाइल 2018 के अनुसार**

| | गैर-क्रेडिट समितियां | | | | | | | | | | | | | | | | | | | क्रेडिट समितियां | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य/केन्द्रीय शासित प्रदेश | मार्केटिंग | कंज्यूमर | डेरी | हाउसिंग | शुगर | लेबर | फिशरी/पिसिकल्चर/एक्वाकल्चर | पशुधन और मुर्गी पालन | कपड़ा/हथकरघा/स्पिंडलेज/हस्तशिल्प | कृषि-संबद्ध/कृषि-प्रसंस्करण | औद्योगिक | महिला | मल्टी-स्टेट | मल्टी-परपस | सेवा क्षेत्र | ट्राइबल/एससी-एसटी | एस सी यू | अन्य | कुल - नॉन क्रेडिट | पैक्स | पीसीएआरडीबी | यूसीबी | एम्प्लोयी थ्रिफ्ट और अन्य क्रेडिट | डीसीसीबी | एससीबी | एससीएआरडीबी | कुल क्रेडिट | कुल योग(गैर-क्रेडिट+क्रेडिट) |
| अंदमान और निकोबार | 62 | 69 | 0 | 76 | 0 | 1126 | 112 | 53 | 0 | 25 | 115 | 41 | 0 | 288 | 0 | 19 | 1 | 0 | 1987 | 51 | | 0 | 65 | | 1 | | 117 | 2104 |
| आंध्र प्रदेश | 14 | 777 | 3538 | 716 | 10 | 4520 | 2361 | 1 | 483 | 1305 | 0 | 718 | 18 | 0 | 1414 | 2 | 1 | 54466 | 70344 | 2051 | | 48 | 761 | 13 | 1 | | 2874 | 73218 |
| अरुणाचल प्रदेश | 2 | 36 | 7 | 0 | 0 | 259 | 11 | 3 | 23 | 14 | 3 | 4 | 1 | 326 | 1 | 0 | 1 | 40 | 731 | 34 | | 0 | 17 | | 1 | | 52 | 783 |
| असम | 31 | 282 | 440 | 147 | 1 | 32 | 456 | 757 | 5 | 394 | 421 | 2341 | 5 | 246 | 0 | 80 | 1 | 850 | 6489 | 766 | 1 | 8 | 2980 | | 1 | 1 | 3757 | 10246 |
| बिहार | 522 | 1875 | 4280 | 2742 | 0 | 4577 | 387 | 237 | 1095 | 1829 | 2723 | 430 | 18 | 261 | 187 | 0 | 1 | 9187 | 30351 | 8463 | | 3 | 327 | 23 | 1 | 1 | 8818 | 39169 |
| चंडीगढ़ | 1 | 0 | 0 | 204 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 19 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 225 | 17 | | 0 | | 0 | 1 | | 18 | 243 |
| छत्तीसगढ़ | 186 | 951 | 768 | 387 | 0 | 57 | 766 | 0 | 1 | 5812 | 109 | 287 | 8 | 534 | 0 | 0 | 1 | 144 | 10011 | 1333 | | 12 | | 6 | 1 | 1 | 1353 | 11364 |
| दादरा और नागर हवेली | 6 | 13 | 14 | 96 | 1 | 4 | 7 | 8 | 0 | 1 | 44 | 5 | 1 | 1 | 31 | 0 | 1 | 11 | 244 | 2 | | 0 | 38 | | | | 40 | 284 |
| दमन और दियू | 0 | 1 | 1 | 22 | 0 | 2 | 1 | 0 | 0 | 6 | 4 | 6 | 0 | 2 | 2 | 1 | | 49 | 97 | 0 | | 0 | 9 | | | | 9 | 106 |
| दिल्ली | 0 | 820 | 0 | 2099 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 212 | 1206 | 0 | 134 | 170 | 2 | 0 | 1 | 279 | 4924 | 0 | | 15 | 1420 | | 1 | | 1436 | 6360 |
| गोआ | 20 | 103 | 183 | 1 | 0 | 22 | 18 | 1 | 0 | 83 | 0 | 130 | 2 | 1934 | 0 | 0 | 1 | 895 | 3393 | 81 | | 6 | 341 | | 1 | | 429 | 3822 |
| गुजरात | 2181 | 2014 | 18614 | 17462 | 31 | 3835 | 640 | 0 | 9 | 6746 | 4535 | 15 | 35 | 160 | 0 | 0 | 1 | 6588 | 62866 | 8484 | | 220 | 5960 | 18 | 1 | 1 | 14684 | 77550 |
| हरीयाना | 91 | 23 | 7325 | 7660 | 15 | 7725 | 1 | 110 | 2 | 74 | 0 | 4 | 12 | 738 | 0 | 0 | 1 | 33 | 23814 | 711 | 19 | 7 | | 19 | 1 | 1 | 758 | 24572 |
| हिमाचल प्रदेश | 326 | 374 | 563 | 93 | 0 | 103 | 65 | 0 | 391 | 29 | 119 | 17 | 1 | 116 | 0 | 261 | 1 | 340 | 2799 | 2127 | 20 | 5 | 439 | 2 | 1 | 1 | 2595 | 5394 |
| जम्मू और कश्मीर | 111 | 49 | 158 | 61 | 0 | 48 | 1 | 443 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 45 | 0 | 0 | 1 | 449 | 1368 | 643 | | 4 | | 3 | 1 | 1 | 652 | 2020 |
| झारखण्ड | 1 | 481 | 540 | 757 | 0 | 1923 | 386 | 58 | 267 | 425 | 1366 | 214 | 8 | 122 | 0 | 0 | 0 | 2913 | 9461 | 2345 | | 2 | 2038 | 8 | 1 | | 4394 | 13855 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कर्नाटक | 111 | 1344 | 15275 | 1736 | 38 | 194 | 636 | 50 | 1227 | 3941 | 954 | 1462 | 26 | 2511 | 250 | 26 | 1 | 730 | 30512 | 5679 | 178 | 264 | 4282 | 21 | 1 | 1 | 10426 | 40938 |
| केरल | 617 | 4646 | 3271 | 400 | 0 | 657 | 655 | 49 | 8 | 128 | 23 | 1162 | 20 | 314 | 327 | 827 | 1 | 3072 | 16177 | 1647 | 79 | 60 | 1284 | 14 | 1 | 1 | 3086 | 19263 |
| लक्षद्वीप | 11 | 2 | 0 | 0 | 0 | 5 | 6 | 0 | 7 | 0 | 15 | 0 | 0 | 1 | 15 | 0 | 0 | 0 | 62 | 19 | | 0 | | | | | 19 | 81 |
| मध्य प्रदेश | 380 | 4977 | 9554 | 2946 | 1 | 784 | 2460 | 119 | 968 | 2093 | 1525 | 5675 | 26 | 1597 | 0 | 272 | 1 | 5701 | 39079 | 4457 | 35 | 51 | 3753 | 38 | 1 | 1 | 8336 | 47415 |
| महाराष्ट्र | 1226 | 1808 | 13948 | 101543 | 180 | 11269 | 3300 | 2951 | 1738 | 3456 | 222 | 442 | 562 | 350 | 9 | 1 | 1 | 366 | 143372 | 21217 | | 502 | 40762 | 31 | 1 | 1 | 62514 | 205886 |
| मणिपुर | 24 | 119 | 562 | 173 | 0 | 249 | 416 | 423 | 6138 | 366 | 0 | 0 | 1 | 155 | 2 | 1 | 1 | 277 | 8907 | 223 | 1 | 3 | 102 | | 1 | | 330 | 9237 |
| मेघालय | 29 | 54 | 87 | 15 | 0 | 6 | 72 | 109 | 88 | 57 | 103 | 122 | 0 | 456 | 1 | 0 | 1 | 109 | 1309 | 179 | | 3 | 63 | | 1 | | 246 | 1555 |
| मिजोरम | 7 | 97 | 115 | 6 | 0 | 12 | 58 | 264 | 216 | 246 | 60 | 1 | 0 | 131 | 0 | 7 | 1 | 55 | 1276 | 159 | | 1 | | | 1 | | 161 | 1437 |
| नागालैंड | 86 | 167 | 181 | 38 | 0 | 2 | 398 | 470 | 527 | 1324 | 51 | 0 | 1 | 3819 | 73 | 32 | 1 | 128 | 7298 | 1719 | | 0 | 41 | | 1 | | 1761 | 9059 |
| ओडिशा | 1 | 1 | 5588 | 1 | 0 | 96 | 1086 | 2060 | 1325 | 0 | 117 | 0 | 19 | 0 | 0 | 151 | 1 | 4155 | 14601 | 2701 | | 9 | | 17 | 1 | 1 | 2729 | 17330 |
| पुदुचेरी | 3 | 37 | 125 | 1 | 0 | 27 | 68 | 0 | 23 | 0 | 14 | 7 | 5 | 62 | 0 | 0 | 1 | 23 | 396 | 53 | | 1 | 80 | | 1 | 1 | 136 | 532 |
| पंजाब | 85 | 94 | 6317 | 684 | 8 | 1720 | 3 | 0 | 3 | 85 | 1978 | 1035 | 23 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1286 | 13322 | 3543 | 89 | 4 | 457 | 20 | 1 | 1 | 4115 | 17437 |
| राजस्थान | 491 | 195 | 12897 | 976 | 0 | 1020 | 35 | 0 | 4 | 1 | 1027 | 5159 | 72 | 0 | 0 | 0 | 1 | 63 | 21941 | 6411 | 36 | 37 | 3 | 29 | 1 | 1 | 6518 | 28459 |
| सिक्किम | 108 | 62 | 345 | 0 | 0 | 2938 | 8 | 53 | 1401 | 1 | 18 | 36 | 1 | 207 | 0 | 0 | 1 | 0 | 5179 | 176 | | 1 | 107 | | 1 | | 285 | 5464 |
| तमिलनाडु | 128 | 1447 | 11302 | 1035 | 354 | 85 | 1364 | 0 | 1 | 52 | 0 | 1809 | 87 | 46 | 7 | 22 | 1 | 109 | 17849 | 4511 | 180 | 129 | 1788 | 23 | 1 | 1 | 6633 | 24482 |
| तेलंगाना | 10 | 1 | 1850 | 0 | 1 | 0 | 4016 | 1 | 767 | 1 | 0 | 0 | 3 | 0 | 1024 | 1 | 1 | 56620 | 64296 | 798 | | 52 | | 9 | 1 | | 860 | 65156 |
| त्रिपुरा | 1 | 228 | 119 | 5 | 0 | 63 | 155 | 23 | 256 | 90 | 142 | 75 | 0 | 215 | 70 | 4 | 1 | 331 | 1778 | 268 | 0 | 1 | 18 | | 1 | 1 | 289 | 2067 |
| उत्तर प्रदेश | 259 | 1058 | 26150 | 4184 | 0 | 935 | 1034 | 140 | 408 | 981 | 0 | 56 | 136 | 125 | 105 | 0 | 1 | 33 | 35605 | 8929 | | 66 | 3536 | 50 | 1 | 1 | 12583 | 48188 |
| उत्तराखंड | 30 | 7 | 4008 | 1 | 15 | 10 | 19 | 0 | 118 | 55 | 419 | 161 | 4 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 4848 | 759 | | 5 | | 10 | 1 | | 775 | 5623 |
| पश्चिम बंगाल | 238 | 2143 | 3831 | 6084 | 1 | 2648 | 2669 | 0 | 5 | 69 | 0 | 60 | 47 | 0 | 259 | 0 | 1 | 1784 | 19839 | 7405 | 24 | 43 | 6326 | 17 | 1 | 1 | 13817 | 33656 |
| कुल | 7399 | 26355 | 151956 | 152351 | 656 | 46953 | 23670 | 8383 | 17507 | 29901 | 17313 | 21493 | 1277 | 14932 | 3779 | 1707 | 32 | 151086 | 676750 | 97961 | 662 | 1562 | 76997 | 371 | 33 | 19 | 177605 | 854355 |

**अनुबंध - II**

## राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम
## वित्तीय वर्ष के दौरान राज्यवार स्वीकृति एवं जारी

**01/04/2017 से 31/03/2018**

रु. लाखों में

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/संस्थान | स्वीकृति | जारी |
|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1,27,380.46015 | 91,649.62815 |
| अरुणाचल प्रदेश | 0.00000 | 1,479.81950 |
| असम | 4,440.15000 | 328.26000 |
| बिहार | 61,705.48155 | 6,337.80155 |
| दिल्ली | 0.00000 | 9.77960 |
| आईएफ़एफ़डीसी | 45.87188 | 94.33000 |
| इफको | 1,000.00000 | 1,000.00000 |
| एनसीसीटी | 1.99000 | 1.99000 |
| एनएलसी फेडरेशन | 3.00000 | 3.00000 |
| एनएसीओएफ | 0.00000 | 4,930.00000 |
| गोवा | 0.00000 | 16.33000 |
| गुजरात | 27,390.45757 | 27,409.71414 |
| हरियाणा | 32,355.41000 | 31,963.68970 |
| हिमाचल प्रदेश | 7,935.64700 | 3,235.93889 |
| जम्मू और कश्मीर | 41.56650 | 433.76875 |
| कर्नाटक | 44,745.15000 | 45,023.41950 |
| केरल | 1,52,689.01700 | 92,894.11150 |
| मध्य प्रदेश | 2,27,946.51000 | 2,65,939.87725 |
| महाराष्ट्र | 2,91,784.70800 | 2,24,577.40082 |
| मिजोरम | 0.00000 | 849.12800 |
| नागालैंड | 5,231.26000 | 1,737.45450 |
| ओडिशा | 12,149.97600 | 3,341.88463 |
| पंजाब | 95,000.00000 | 38,043.75000 |
| राजस्थान | 10,222.97800 | 20,393.77546 |
| तमिलनाडु | 1,706.00000 | 14,310.67400 |
| उत्तर प्रदेश | 2,05,900.00000 | 1,84,025.41900 |
| पश्चिम बंगाल | 2,068.30000 | 1,697.73900 |
| छत्तीसगढ़ | 8,75,831.45050 | 8,55,145.36080 |
| झारखंड | 28.48423 | 162.26541 |
| उत्तराखंड | 240.52700 | 332.13600 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप | 118.27200 | 108.41600 |
| अन्य | 560.39356 | 560.39356 |
| तेलंगाना | 1,01,911.07600 | 2,78,920.79386 |
| **कुल** | **22,90,434.13694** | **21,96,958.04957** |

## राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम
## वित्तीय वर्ष के दौरान राज्यवार स्वीकृति एवं जारी

**01/04/2018 से 31/03/2019**

**रु. लाखों में**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/संस्थान | स्वीकृति | जारी |
|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1,32,756.33000 | 71,962.89400 |
| अरुणाचल प्रदेश | 1,619.75000 | 1,032.25000 |
| असम | 3,114.50400 | 3,563.80000 |
| बिहार | 5,636.16200 | 15,340.56100 |
| नेफेड | 0.64178 | 5.01736 |
| आईएफ़एफ़डीसी | 3,00,000.00000 | 3,00,000.00000 |
| गोवा | 370.16000 | 264.40000 |
| गुजरात | 49.83800 | 0.00000 |
| हरियाणा | 17,884.69500 | 33,840.15612 |
| हिमाचल प्रदेश | 30,250.70000 | 30,919.82100 |
| कर्नाटक | 9,259.70900 | 4,518.88274 |
| केरल | 15,506.09300 | 26,924.25500 |
| मध्य प्रदेश | 36,754.46000 | 27,361.96500 |
| महाराष्ट्र | 1,67,995.56800 | 1,50,675.25323 |
| मणिपुर | 1,68,063.74561 | 1,78,427.31653 |
| मेघालय | 35.40000 | 0.00000 |
| मिजोरम | 20,471.00000 | 5,118.00000 |
| नागालैंड | 0.00000 | 1,974.98200 |
| ओडिशा | 729.58000 | 465.28400 |
| पंजाब | 20,000.00000 | 10,529.41500 |
| राजस्थान | 5,30,048.62000 | 3,83,279.78900 |
| तमिलनाडु | 14.16000 | 0.00000 |
| त्रिपुरा | 419.00000 | 7,979.74300 |
| उत्तर प्रदेश | 1,32,540.93700 | 85,924.90200 |
| पश्चिम बंगाल | 87,895.85000 | 32,934.13000 |
| छत्तीसगढ़ | 8,50,034.00000 | 8,00,031.01000 |
| झारखंड | 3,426.88000 | 82.75100 |
| उत्तराखंड | 3,01,223.26200 | 10,606.53400 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप | 14,493.03300 | 0.00000 |
| अन्य | 554.18899 | 554.18899 |
| तेलंगाना | 6,69,085.10000 | 6,42,933.45241 |
| **कुल** | **35,20,233.36738** | **28,27,250.75338** |

**राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम**
**वित्तीय वर्ष के दौरान राज्यवार स्वीकृति एवं जारी**
**01/04/2019 से 31/03/2020**

**रु. लाखों में**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/संस्थान | स्वीकृति | जारी |
|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 42,261.35000 | 40,562.14700 |
| अरुणाचल प्रदेश | 312.50000 | 756.25000 |
| असम | 0.00000 | 1,433.72700 |
| बिहार | 58,582.58153 | 45,440.48353 |
| नेफेड | 15,000.00000 | 7,426.00000 |
| आईएफ़एफ़डीसी | 307.65000 | 305.45688 |
| गोवा | 0.00000 | 11.09500 |
| गुजरात | 16,886.20500 | 11,834.35724 |
| हरियाणा | 8,90,000.00000 | 6,60,857.59542 |
| हिमाचल प्रदेश | 3,661.21000 | 5,969.28720 |
| कर्नाटक | 16,481.08400 | 15,166.76700 |
| केरल | 45,073.10900 | 36,389.02600 |
| मध्य प्रदेश | 1,35,048.80000 | 1,08,169.72453 |
| महाराष्ट्र | 1,44,008.90008 | 1,01,506.53116 |
| मणिपुर | 957.87300 | 478.93600 |
| मेघालय | 20,947.50000 | 0.00000 |
| मिजोरम | 90.00000 | 0.00000 |
| नागालैंड | 0.00000 | 1,337.01900 |
| ओडिशा | 160.00000 | 374.70300 |
| पंजाब | 0.00000 | 13,527.70300 |
| राजस्थान | 7,14,547.19050 | 7,25,674.36432 |
| तमिलनाडु | 10.62000 | 2,123.89500 |
| त्रिपुरा | 0.00000 | 304.97500 |
| उत्तर प्रदेश | 1,25,646.18600 | 67,309.53636 |
| पश्चिम बंगाल | 1,750.00000 | 12,834.85000 |
| छत्तीसगढ़ | 8,00,040.17455 | 5,50,034.72705 |
| झारखंड | 0.00000 | 824.93900 |
| उत्तराखंड | 0.00000 | 1,233.90496 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप | 0.00000 | 1,027.67000 |
| अन्य | 544.47226 | 544.47226 |
| तेलंगाना | 3,85,327.12500 | 3,56,882.85577 |
| **कुल** | **34,17,644.53092** | **27,70,342.99868** |

**राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम**
**वित्तीय वर्ष के दौरान राज्यवार स्वीकृति एवं जारी**
**01/04/2020 से 31/03/2021 तक**

**रु. लाखों में**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/संस्थान | स्वीकृति | जारी |
|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 58,200.00000 | 60,398.42200 |
| अरुणाचल प्रदेश | 0.00000 | 143.75000 |
| असम | 175.00000 | 559.34100 |
| बिहार | 2,01,100.00000 | 1,63,360.10300 |
| दिल्ली | 232.00000 | 232.00000 |
| आईएफ़एफ़डीसी | 0.00000 | 153.82500 |
| गोवा | 0.00000 | 19.23000 |
| गुजरात | 6,323.48300 | 5,225.06725 |
| हरियाणा | 12,52,724.95000 | 6,64,511.39300 |
| हिमाचल प्रदेश | 2,990.55800 | 3,690.42900 |
| जम्मू और कश्मीर | 150.00000 | 0.00000 |
| कर्नाटक | 11,773.20000 | 17,069.36000 |
| केरल | 20,645.35000 | 30,354.04975 |
| मध्य प्रदेश | 95,460.15000 | 20,836.27468 |
| महाराष्ट्र | 99,946.55798 | 1,14,559.11098 |
| मणिपुर | 15,677.31000 | 0.00000 |
| मेघालय | 0.00000 | 5,780.40500 |
| मिजोरम | 699.74000 | 216.01200 |
| नागालैंड | 200.00000 | 607.18800 |
| ओडिशा | 317.50000 | 80.00000 |
| पंजाब | 20,325.00000 | 2,276.89000 |
| राजस्थान | 30,604.00000 | 15,780.20200 |
| तमिलनाडु | 650.00000 | 2,158.15250 |
| त्रिपुरा | 0.00000 | 320.02500 |
| उत्तर प्रदेश | 58,136.59900 | 82,795.47200 |
| पश्चिम बंगाल | 0.00000 | 5,912.54200 |
| छत्तीसगढ | 12,00,450.00000 | 12,00,007.34375 |
| झारखंड | 429.49200 | 92.37500 |
| उत्तराखंड | 550.00000 | 1,722.35300 |
| पुदुचेरी | 4.11700 | 0.00000 |
| अन्य | 474.90354 | 474.90354 |
| तेलंगाना | 5,75,502.23700 | 73,987.54569 |
| **कुल** | **36,53,742.14752** | **24,73,323.76514** |

**राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम**

**वित्तीय वर्ष के दौरान राज्यवार स्वीकृति एवं जारी**

**01/04/2021 से 31/03/2022 तक**

**रु. लाखों में**

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/संस्थान** | **स्वीकृति** | **जारी** |
|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 5,89,075.00000 | 2,83,158.57147 |
| अरुणाचल प्रदेश | 25.00000 | 25.00000 |
| असम | 88.14530 | 356.81930 |
| बिहार | 2,50,161.20036 | 2,85,789.59236 |
| दिल्ली | 40.48821 | 34.05821 |
| गुजरात | 1,304.67065 | 3,740.00219 |
| हरियाणा | 7,63,731.43059 | 12,82,774.87959 |
| हिमाचल प्रदेश | 977.38538 | 1,474.15638 |
| जम्मू और कश्मीर | 100.00000 | 12.81600 |
| कर्नाटक | 2,411.25907 | 16,449.32507 |
| केरल | 26,691.85065 | 37,184.55265 |
| मध्य प्रदेश | 17,333.00303 | 47,709.92391 |
| महाराष्ट्र | 57,098.99073 | 68,807.28673 |
| मणिपुर | 50.00000 | 4.27200 |
| मेघालय | 100.00000 | 4.27200 |
| मिजोरम | 0.00000 | 106.40500 |
| नागालैंड | 100.00000 | 17.08800 |
| ओडिशा | 724.62627 | 406.31727 |
| पंजाब | 0.00000 | 12.81600 |
| राजस्थान | 273.36507 | 778.81511 |
| सिक्किम | 2.08000 | 0.00000 |
| तमिलनाडु | 26,393.44449 | 5,074.74632 |
| त्रिपुरा | 0.00000 | 300.00000 |
| उत्तर प्रदेश | 1,00,288.31223 | 25,233.04987 |
| पश्चिम बंगाल | 88.66178 | 4,416.04178 |
| छत्तीसगढ | 16,90,145.72754 | 12,40,086.64529 |
| झारखंड | 184.11233 | 178.86457 |
| उत्तराखंड | 7.75191 | 8,036.17791 |
| चंडीगढ़ | 2.70687 | 2.70687 |
| अन्य | 712.37113 | 712.37113 |
| तेलंगाना | 99,011.54808 | 1,09,220.20294 |
| **कुल** | **36,27,123.13167** | **34,22,107.77592** |

**राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम**
**वित्तीय वर्ष के दौरान राज्यवार स्वीकृति एवं जारी**
**01/04/2022 से 14/12/2022 तक**

**रु. लाखों में**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/संस्थान | स्वीकृति | जारी |
|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 7,50,268.55000 | 2,73,709.12978 |
| अरुणाचल प्रदेश | 33.50000 | 33.50000 |
| असम | 305.36500 | 40.07990 |
| बिहार | 5,00,731.00000 | 259.58983 |
| दिल्ली | 200.00000 | 19.85400 |
| आईएफ़एफ़डीसी | 68.75000 | 0.00000 |
| गुजरात | 1,35,087.22600 | 837.32238 |
| हरियाणा | 6,32,568.00000 | 6,62,122.82469 |
| हिमाचल प्रदेश | 616.00000 | 567.44272 |
| जम्मू और कश्मीर | 108.00000 | 23.55400 |
| कर्नाटक | 2,129.07000 | 1,823.48325 |
| केरल | 66,174.65000 | 24,796.36030 |
| मध्य प्रदेश | 47,527.54250 | 21,200.16156 |
| महाराष्ट्र | 1,25,481.49098 | 21,680.87419 |
| मणिपुर | 176.60000 | 15.93159 |
| मेघालय | 2.10000 | 2.10000 |
| मिजोरम | 282.67000 | 184.97300 |
| नागालैंड | 3,102.32000 | 65.73361 |
| ओडिशा | 351.23400 | 47.89540 |
| पंजाब | 10,00,259.00000 | 35.23000 |
| राजस्थान | 40,436.26800 | 157.39488 |
| सिक्किम | 25.00000 | 1.24000 |
| तमिलनाडु | 1,181.24000 | 1,718.65200 |
| त्रिपुरा | 313.17000 | 806.39401 |
| उत्तर प्रदेश | 3,11,410.32450 | 4,540.93914 |
| पश्चिम बंगाल | 650.00000 | 1,706.44600 |
| छत्तीसगढ | 18,08,112.00000 | 50,106.91336 |
| झारखंड | 6,514.19000 | 314.05053 |
| उत्तराखंड | 438.37100 | 122.63800 |
| अन्य | 38.36658 | 38.36658 |
| तेलंगाना | 13,86,936.97500 | 9,00,978.68161 |
| **कुल** | **68,21,528.97356** | **19,67,957.75631** |